(c) the steps Government propose to take as measures to help farmers in exporting vegetable products ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ANNASAHEB P. SHINDE) (a) Negligible

(b) Air cargo freight facilities are available for all types of exporters (merchant exporters/grower exporters) who desire to export vegetables subject to minimum weight fixed by Air India for different destinations. Further, specific commodity rates, which are lower than the normal freight rates, have already been established by IATA, of which Air India is a member, for almost all the commodities that are being currently exported from India

(c) The Government has allowed cash assistance against exports of fresh fruits, fresh vegetables and flowers to U.K., West European countries and Japan upto 50% of air freight paid but within the overall ceiling of 20% of f.o.b. value against such exports *i.e.* in case the freight assistance at 50% exceeds 20% of f.o.b. value, the freight assistance will be restricted to 20% of f.o b value.

### उत्तर प्रदेश में पलिया कलान खिरी में चीनी मिल स्थापित करना

4978. श्री गेंदा सिहं : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश मे पलिया कलान खिरी में एक चीनी मिल को स्थापित करने के लिए लाइसेंस दिया गया था और इस उद्देश्य के लिये सरकार ने कितना धन लिया है तथा किस रूप में दिया है ;

(ख) यदि हां, तो लाइसेंसधारी का नाम क्या है, मिल की उत्पादन क्षमता कितनी है तथा उक्त मिल कब तक चालू हो जाएगी ; और

(ग) क्या वह लाइसेंसधारी उसी जिले में एक बड़ी मिल चला रहा है और इस नई मिल सम्बन्धी कार्य में इसलिए विलम्ब किया जा रहा है ताकि पुरानी मिल काफी समय तक चल सके ?

कृषि मंत्री में राज्य मंत्री (श्री शेर सिहं): (क) और (ख). 20-7-1966 को मैसर्स हिन्दुस्तान शुगर मिल लि०, गोलागोकरननाथ, जिला खेड़ी (उ० प्र०) को पलिया कलां, जिला खेड़ी मे 1,400 मी० टन प्रति दिन गन्ना पेरने की क्षमता की एक नई मिल स्थापित करने के लिये एक लाइसेंस इस शर्त पर दिया गया था कि वे एक नयी सरकारी लिमिटेड कम्पनी का निर्माण करेंगे । नयी कम्पनी की कुल शेयर पूंजी के 51 प्रतिशत शेयर आवेदक कम्पनी द्वारा लिये जाने थे और शेष 49 प्रतिशत शेयर पलिया - कलां स्थित कारखाने के गन्ना सप्लाई क्षेत्र के अलग-अलग उत्पादकों को दिये जाने थे । तदनुसार मैसर्स शारदा शुगर एण्ड इन्डस्ट्रीज लि० नाम की एक नयी कम्पनी का निर्माण किया गया और उक्त कम्पनी को लाइसेंस हस्तांतरित कर दिया गया था । इस कारखाने को स्थापित करने के लिये भारत सरकार ने कोई राशि नहीं दी थी । लाइसेंस की मूल शर्तों के अनुसार कारखाने को 31-10-1967 तक स्थापित किया जाना था ।

(ग) मैसर्स हिन्दुस्तान शुगर मिल्स लि०की 3,600 टन प्रति दिन गन्ना पेरने की क्षमता की एक चीनी मिल गोलागोकरननाथ, खेड़ी (उ०प्र०) मे है । पलिया-कलां में चीनी कारखाना स्थापित करने में विलम्ब, कारखाने

के लिये भूमि अभिग्रहण करने में देरी, भारी वर्षा तथा निकटवर्ती शारदा नदी में बाढ़ आने, जिससे निर्माण कार्य में कुछ समय के लिए विघ्न पैदा हो गया था तथा सप्लाई कर्ताओं द्वारा मशीनरी सप्लाई करने में देरी करने जैसे कारणों से हुआ। आशा है कि यह कारखाना आगामी पिराई मौसम में उत्पादन शुरु कर देगा।

### न्यूनतम मजूरी अधिनियम में संशोधन

4979. श्री धनशाह प्रधान: क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मूल्यों में हो रही वृद्धि तथा अन्य श्रेणियों के कर्मचारियों के वेतन-मानों को देखते हुए न्यूनतम मजूरी अधिनियम में संशोधन करने हेतु सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है; और

(ख) न्यूनतम मजूरी की कितनी सीमा निर्धारित करने का विचार है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर०के० खाडिलकर): (क) न्यूनतम मजदूरी अधिनयम स्वयं मजदूरी की दरें निर्धारित नहीं करता; वह सम्बंधित सरकार को, अनुसूचित नियोजनों में मजदूरी दरें निर्धारित करने, उन्हें अधिसूचित करने तथा समय समय पर, जिसकी अवधि ५ वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, उनकी समीक्षा करने और दोहराने का अधिकार देता है। इसलिए, वर्तमान मजदूरी-दरों, में किसी देय वृद्धि करने के लिए अधिनियम में संशोधन करने की आवश्यकता नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

### Employment Prospects

4980. SHRI S.C. SAMANTA: SHRIMATI BHARGAVI THANKAPPAN: Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 580 on the 27th May, 1971 and state;

(a) the co-operation his Ministry is seeklog from other Ministries and the public and private sectors of industries in connection with providing employment to the unemployed; and

(b) their response?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI R. K. KHADILKAR): (a) and (b). The Schemes of employment generation referred to in the answer to Unstarred Question No. 580 have all been prepared and are being implemented in close consultation and cooperation with the concerned Ministries of the Central Government and with the State Governments. Co-operation of the public and private sectors of industry is also obtained in appropriate ways wherever necessary.

### Publication of Geological Map of Orissa

4981. SHRI DEVENDRA SATPATHY: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether a geological map of the State of Orissa has been published by the Geological Survey of India;

(b) if not, the reasons therefor; and

(c) whether it will be completed during the Fourth Plan period?